
# छात्र राजनीति से देश के सर्वोच्च नेता तक खामेनेई का सफर

## 1963 के बाद खुलकर क्रांतिकारी भाषण देने शुरू किए

**तेहरान, 01 मार्च. अमेरिका-इज़रायल के संयुक्त हमलों में शनिवार तड़के मारे गये ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला सैयद अली हुसैनी ख़ामेनेई चार दशकों से अधिक समय से ईरान की राजनीतिक, सैन्य और कूटनीतिक दिशा तय करते रहे.**

उनके नेतृत्व ने ईरान की आंतरिक सत्ता संरचना और वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति दोनों को गहराई से प्रभावित किया है। श्री ख़ामेनेई राजधानी तेहरान में अपने कार्यालय में थे तभी राजधानी की ओर दागी गयी कई मिसाइलों में से एक उस इमारत पर आ गिरी.

श्री ख़ामेनेई के बाद एक ओर जहां ईरान नये सर्वोच्च नेता के नाम पर विचार कर रहा है, वहीं इजरायल और अमेरिका ईरान के लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि उन्हें इस मौके का फायदा उठाकर इस्लामी गणराज्य के शासन को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने 1963 के बाद खुलकर क्रांतिकारी भाषण देने शुरू किये। उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया और यातनाएं भी झेलनी पड़ीं। शाह के खिलाफ विरोध में आगे रहने के कारण श्री खामेनेई 1970 के दशक में क्रांतिकारी नेटवर्क के



प्रमुख धार्मिक चेहरों में शामिल हो चुके थे। आखिर जब 1979 में ईरान में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तब वह राष्ट्रीय नेतृत्व का हिस्सा बन गये। उन्होंने 1979-81 के बीच इस्लामी क्रांति परिषद और रक्षा मामलों से जुड़े पदों पर सक्रिय भूमिका निभाई.

वह 1980 में तेहरान के इमाम जुमा (शुक्रवार नमाज़ के प्रमुख) नियुक्त हुए। श्री खामेनेई 1981 में ईरान के राष्टपति चुने गये। सन् 1985 के चुनावों में उन्हें फिर से इस पद पर चुना गया। बतौर राष्टपति उनका कार्यकाल ईरान-इराक युद्ध (1980-88) के दौर से जुड़ा रहा। इस अवधि में उन्होंने प्रशासनिक पुनर्गठन और युद्धकालीन राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने में भूमिका निभाई.

### भारत में फंसे विदेशी नागरिकों के वीजा की अवधि बढ़ाने की सुविधा

**नई दिल्ली, 01 मार्च.** भारत ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के कारण उड़ानों के बंद होने के चलते यहां फंसे विदेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार सुबह एक परामर्श जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति के कारण यहां फंसे जिन विदेशी नागरिकों को अपने यात्रा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा है वे वीजा संबंधी सुविधाओं के लिए निकट के विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। परामर्श में कहा गया है, भारत में सभी विदेशी नागरिक, जिन्हें पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम की वजह से अपनी यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं और जिन्हें अपने वीज़ा को बढ़ाने या अपने स्टे को नियमित करने में मदद चाहिए.



## खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका में विरोध प्रदर्शन

**वाशिंगटन, 01 मार्च.** अमेरिकी और इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमेरिकी शहरों में लोगों के समूह सड ?ों पर उतर आए, जिनमें से कुछ ईरान पर हमलों का जश्न मना रहे थे जबकि अन्य इनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। गौरतलब है कि ईरानी सरकारी टेलीविजन ने रविवार को खामेनेई की मौत की पुष्टि की।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के अनुसार, शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उनकी मृत्यु हुई.

लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लोग जश्न के संगीत की धुन पर एकदूसरे को गले लगा रहे थे और नाच रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, श्री खामेनेई की मौत की खबर सुनकर कई लोग भावुक दिखे। प्रदर्शनकारियों को ट्रम्प को धन्यवाद! के नारे लगाते सुना गया। ईरानी और ईरानी-अमेरिकी लोग हवा में उछलते और बिबी को धन्यवाद के नारे लगाते हुए देखे गए, जो इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का संदर्भ था। स्पेक्ट्रम न्यूज लॉस एंजिल्स के वीडियो में दिखाया गया कि लॉस एंजिल्स के सिटी हॉल के बाहर, युद्ध-विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह ने ईरान पर हुए हमलों का विरोध किया। न्यूयॉर्क शहर में मैनहट्टन के टाइम्स स्क्वायर में लोगों ने सड ?ों पर उतरकर ईरान पर हमलों को रोकने की मांग की और हमने उनकी फासीवादी योजना को अस्वीकार कर दिया है. ईरान के साथ कोई युद्ध नहीं के नारे लगाए, सीएनएन से संबद्ध डब्ल्यूजेएलए के अनुसार, वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास लोगों की एक बड़ी भीड़ देखी गई.

## चीन ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का किया विरोध

**बीजिंग, 01 मार्च.** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है।

गौरतलब है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो के सदस्य वांग यी ने ईरान के हालात पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। श्री वांग यी ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव को कहा कि जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान



पर हमला करना मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें। उन्होंने यह भी कहा कि ये काम अंतरराष्ट्रीय कानून और बुनियादी अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उल्लंघन है.

### युद्ध नहीं शांति की जरूरत, निर्दोषों की हत्या निंदनीय : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली, 01 मार्च.** कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा खाड़ी देशों के घटनाक्रम पर सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय और घोर आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने रविवार को कहा कि खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों की इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है.

### एयर इंडिया ने अमेरिका, यूरोप की 22 और उड़ाने रद्द की

**नई दिल्ली.** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अपनी अमेरिका और यूरोप जाने वाली 22 और उड़ानों को रविवार को रद्द करने की घोषणा की। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों एक पर बताया कि उसकी दिल्ली से बर्मिंघम, एम्सटर्डम, जुरिक, मिलान, वियना और कोपनहेगन जाने वाली एक-एक उड़ानें रद्द रहेंगी। इसके अलावा दिल्ली से लंदन हिथ्रो जाने वाली दो उड़ानें और फ्रैंकफर्ट जाने वाली एक उड़ान रद्द रहेगी। मुंबई से लंदन हिथ्रो जाने वाली एक उड़ान भी रद्द रहेगी.

### खामेनेई की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट


**लखनऊ.** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इस्राइल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड ?ाऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर दागी गयीं ईरानी मिसाइलें

ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दौ सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। श्री हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। रक्षा मंत्री ने स्थानीय मीडिया को दिये एक साक्षात्कार में यह भी बताया कि लगभग ब्रिटिश सैनिक बहरीन में भी ईरानी हमलों के काफी नजदीक थे। उन्होंने खुलासा किया, उनमें से कुछ मिसाइल हमलों के कई सौ गज के दायरे में थी। श्री हीली का यह बयान प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा मध्य पूर्व में रक्षात्मक उद्देश्य से विमान तैनात करने के आदेश के एक दिन बाद आया है.

## 'धर्म रक्षा की विरासत को याद रखें' : शाह

- पंजाब में बदलते धार्मिक हालात पर चिंता
- गुरु तेग बहादुर ने सर्वोच्च बलिदान दिया था



**नवी मुंबई, 1 मार्च. अमित शाह ने रविवार को नवी मुंबई के खारघर में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' कार्यक्रम में संबोधन के दौरान पंजाब में हो रहे धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की.**

यह कार्यक्रम नौवें सिख गुरु गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था, ऐसे में आज लालच या प्रलोभन के कारण धर्म परिवर्तन करना उनकी विरासत के विपरीत है। उन्होंने भगवत मान सरकार और पंजाब के सभी समुदायों से इस प्रवृत्ति को रोकने की अपील की.

शाह का यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में धर्मांतरण को लेकर राजनीतिक बहस तेज है। उनके वक्तव्य ने एक बार फिर धार्मिक पहचान, इतिहास और समकालीन राजनीति को केंद्र में ला दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल सिख समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारत और सनातन परंपरा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि जब मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार हुए.

## नड्डा ने नदिया में परिवर्तन यात्रा में ममता सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/नदिया 01 मार्च. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नदिया में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए राज्य की ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर कानून-व्यवस्था की बदहाली, भ्रष्टाचार, घुसपैठ और औद्योगिक पतन के आरोप लगाए.**

उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने पलटानो दरकार, चाई भाजपा सोरकार का संकल्प ले लिया है। श्री नड्डा ने सुश्री बनर्जी पर निशाना साधते हुये कहा कि कभी औद्योगिक, व्यापारिक और बौद्धिक नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध रहा




बंगाल आज पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता, हल्दिया, आसनसोल और दुर्गापुर जैसे शहर कभी औद्योगिक केंद्र थे, लेकिन पिछले 14ङ्क15 वर्षों में हजारों औद्योगिक इकाइयां बंद हुई या राज्य से बाहर चली गईं। उन्होंने दावा किया कि आजादी के समय देश के औद्योगिक उत्पादन में बंगाल की हिस्सेदारी लगभग 24 प्रतिशत थी.

## स्टालिन को पीएम ने जन्मदिन की बधाई दी

- राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री और तमिल सिनेमा के रजनीकांत ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी

**चेन्नई, 01 मार्च. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं.**

राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री स्टालिन को भेजे अपने पत्र में कहा,1.3.2026 को आपके जन्मदिन पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। उन्होंने कामना की कि ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और राष्ट्र की निरंतर समर्पित सेवा के लिए दीर्घायु प्रदान करे।



प्रधानमंत्री मोदी ने भी श्री स्टालिन से टेलीफोन पर बातचीत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु एमके स्टालिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि 2021 में पदभार संभालने वाले श्री स्टालिन तमिलनाडु में द्रविड़ मॉडल की शासन व्यवस्था का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें सामाजिक न्याय, कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार और औद्योगिक विकास पर विशेष जोर है। उनके नेतृत्व में राज्य ने निवेश-आधारित आर्थिक नीतियों के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख सामाजिक योजनाओं को आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में रजनीकांत ने भी फोन पर बातचीत कर मुख्यमंत्री स्टालिन को जन्मदिन की बधाई दी.

### एक नजर में



### सीजेआई ने 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी


**तिरुपति, 01 मार्च.** भारत के चीफ जस्टिस जस्टिस सूर्यकांत ने रविवार को तिरुपति जिले के दमिनेदु में 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी. सीजेआई ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया और फाउंडेशन प्लाक का भी अनावरण किया. कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया. इस इवेंट में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर, सुप्रीम कोर्ट के जज पीएस नरसिम्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा, एसवी एन भट्टी और जॉयमाल्या बागची भी शामिल हुए.

### वाहन की टक्कर से भाई-बहन की दर्दनाक मौत

**ग्रेटर नोएडा 01 मार्च.** उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया .बिसाहड़ा फाटक के पास दादरी रोड स्थित चद्दर फैक्ट्री के निकट अज्ञात वाहन ने ड्यूटी से लौट रहे भाई-बहन की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर शाम को बिसाहड़ा-दादरी रोड पर यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान नवीन कुमार (35 वर्ष) और प्रियांशी (18 वर्ष) पुत्री राकेश कुमार निवासी ग्राम प्यावली, ताजपुर, थाना जारचा, ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है। दोनों भाई-बहन ड्यूटी से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही थाना जारचा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपे

**वाराणसी/लखनऊ, 01 मार्च.** काशी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान मात्र एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर चीन के आठ वर्ष पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया गया। इससे पूर्व 10 मार्च 2018 को चीन के हेनान प्रांत में 1,53,981 पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया था.




## नितिन नवीन ने कूचबिहार से शुरू की भाजपा परिवर्तन यात्रा

### विकसित बंगाल के लिए 5,000 किलोमीटर की यात्रा का आह्वान

**सिलीगुड़ी/कूचबिहार, 01 मार्च. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को परिवर्तन यात्रा के साथ पश्चिम बंगाल में चुनावी बिगुल फूंक दिया है.**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कूचबिहार से पार्टी की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री नवीन ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, घुसपैठ और प्रशासनिक विफलता के गंभीर आरोप लगाए। श्री नवीन ने जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची



के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से लगभग 50 लाख नाम हटाए जाने के बाद राज्य सरकार ने घुसपैठियों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ राज्य की बड़ी समस्या बन चुकी है और इससे भूमि, रोजगार और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक नागरिकों से छिन रहा है.

भाजपा की सरकार ही घुसपैठ की पहचान कर उसे रोक सकती है और बंगाल को घुसपैठियों वाली सरकार से मुक्त कर सकती है। श्री नवीन ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध, कथित पुलिस ज्यादती और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते हुए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। पीड़ितों को न्याय क्यों नहीं मिला श्री नवीन ने सत्तारूढ़ ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई नेताओं और मंत्रियों पर कानूनी कार्रवाई का उल्लेख करते हुए शासन व्यवस्था में सिंडिकेट राज, राजनीतिक संरक्षण और डराने-धमकाने की संस्कृति के आरोप लगाए.

## दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे योगी

- विकास परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

**वाराणसी, 1 मार्च. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। पुलिस लाइन से सड़क मार्ग द्वारा वे सर्किट हाउस पहुंचे। कुछ ही देर में वह विकास परियोजनाओं को लेकर आला अधिकारियों, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे.**

देर शाम को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन भी करेंगे। दोपहर ढाई बजे के करीब मुख्यमंत्री डोमरी में हुए पौधारोपण अभियान का प्रस्तुतीकरण देखेंगे तथा प्रमाण-पत्र वितरित करेंगे। उसके बाद



पांडेयपुर में निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। मैदागिन से गोदौलिया तथा गोदौलिया से विश्वनाथ धाम मार्ग नो व्हीकल जोन रहेगा।

### आज का इतिहास

1807- अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी। दास प्रथा की समाप्ति की दिशा में यह अहम कदम था। 1825- अंतिम सफल कैरिबियन समुद्री डाकू में से एक, रॉबर्टो कॉफ्रेसि को युद्ध में हराया गया और अधिकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया।

1835- फर्डिनेंड ऑस्ट्रिया का सम्राट (राजा) बन गया।

1836- टेक्सास क्रांति-वाशिंगटन-ऑन-द-ब्रेजोस में प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन में, टेक्सास के मैक्सिकन राज्य ने टेक्सास गणराज्य को स्थापित करते हुए, निर्भरता की घोषणा को अपनाया.

**आरोप** | जंतर-मंतर से बीजेपी को खुली चुनौती, बोले केजरीवाल- आज ही चुनाव करा लो

## दिल्ली की जनता को साजिश के तहत बदनाम किया

**नई दिल्ली, 1 मार्च। दिल्ली की राजनीति में बड़ा मोड़ तब आया जब अदालत से आरोपमुक्त होने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने जंतर-मंतर से सीधे भाजपा को चुनावी चुनौती दे डाली.**

जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि चार साल तक उन्हें और दिल्ली की जनता को साजिश के तहत बदनाम किया गया, लेकिन अदालत के फैसले ने सच को सामने ला दिया। उन्होंने दावा किया कि 600 पन्नों के फैसले में अदालत ने माना कि केस में कोई



ठोस सबूत नहीं था और पूरा मामला झूठा था। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें भ्रष्टाचारी और 100 करोड़ खाने वाला बताने वालों की राजनीति अब बेनकाब हो चुकी है। अदालत से राहत मिलते ही उन्होंने भाजपा सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा—आज ही चुनाव कराकर देख लो, पता चल जाएगा कितनी सीटें आएंगी.

जंतर-मंतर पर आयोजित विशाल जनसभा में अरविन्द केजरीवाल ने अदालत के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की ओर से राजनीतिक साजिश रची गई, ताकि आम आदमी पार्टी को खत्म किया जा सके। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पूरे केस को शीर्ष स्तर पर मॉनिटर किया जा रहा था और कोशिश की जा रही थी.

## सीबीएसई ने एशिया में 2 मार्च की परीक्षाएं स्थगित कीं

**नई दिल्ली, 01 मार्च. ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित पश्चिमी एशिया के अपने परीक्षा केंद्रों पर दो मार्च को होने वाली कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं.**

यह निर्णय ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों और उसके बाद के जवाबी हमलों से उत्पन्न अस्थिर वातावरण के बीच एक एहतियाती कदम के रूप




में लिया गया है। क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र बंद होने, विस्फोटों और उच्च सैन्य अलर्ट की रिपोर्टों के बीच बोर्ड ने कहा कि छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस निर्णय से मध्य पूर्व के कई देशों के हजारों छात्र प्रभावित होंगे.